भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोकसभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 4274
29 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

## जलीय कृषि करने वाले किसानों की समस्याएं

**4274. श्री अदला प्रभाकर रेड्डीः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(*क*) क्या सरकार के ध्यान में यह आया है कि आंध्र प्रदेश में नेल्लोर जिला, जो देश में अपने जलीय कृषि और मत्स्य उद्योग के लिए जाना जाता है, कई समस्याओं का सामना कर रहा है और उसे वहनीय कीमत मिलना मुश्किल हो रहा है*;*

(*ख*) यदि हां, तो जलीय कृषि करने वाले किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और उन्हें दिये जा रहे प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है*?*

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क) और (ख) आंध्र प्रदेश मत्स्य के प्रमुख उत्पादकों में से एक है और देश में जलीय कृषि और मात्स्यिकी उद्योग के लिए जाना जाता है। नेल्लोर जिला कई अन्य जिलों की तरह आंध्र प्रदेश राज्य में मात्स्यिकी और जलीय कृषि के प्रमुख केंद्रों में से एक है। आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि नेल्लोर जिले में ऐसी कोई समस्या नहीं देखी गई है। आंध्र प्रदेश सहित देश में मात्स्यिकी और जलीय कृषि के विकास के लिए मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय वित्त वर्ष 2020-21 से 20050 करोड़ रूपए के सर्वाधिक निवेश से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना **(**पीएमएसवाई)नामक एक प्रमुख योजना का कार्यान्वयन कर रहा है मत्स्यपालन विभाग**,** भारत सरकार ने 657.11 करोड़ रूपए के कुल निवेश से मात्स्यिकी विकास प्रस्ताव को अनुमोदित किया है और नेल्लौर जिला सहित राज्य में मात्स्यिकी और जलीय कृषि के विकास के लिए आंध्र प्रदेश सरकार को 149.63 करोड़ रूपये की केन्द्रीय धन राशि जारी की है**।**

*****